दिनांक–06.06.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- दिल्ली में बैठकों का दौर जारी, एनडीए ने नरेंद्र मोदी को चुना अपना नेता, वहीं आई एन डी आई ए गठबंधन ने भी तय की रणनीति।
- प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आरंभ हुए 3 हजार 90 करोड़ के जल संरक्षण के 990 कार्य, जिलों में भी शुरू हुई जल स्त्रोतों की सफाई।
- जनजातीय संग्रहालय की स्थापना की ग्यारहवीं वर्षगाँठ पर आज से मनाया जाएगा 'महुआ महोत्सव'।

**और**

- भारत ने ट्वंटी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में ऑयरलैंड को आठ विकेट से हराया।

## दिल्ली बैठक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के नेताओं ने कल सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना। नई दिल्ली में एनडीए के नेताओं की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के दौरान पिछले दस वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास किया है। एक घंटे चली बैठक में चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार सहित 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए। उधर, आई एन डी आई ए गठबंधन के सहयोगियों ने भी केन्द्र में सरकार बनाने की रणनीति तय करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरकारी आवास पर हुई। बैठक के दौरान श्री खरगे ने कहा कि जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ गया है। श्री खरगे ने कहा कि आई एन डी आई ए गठबंधन संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति समर्पित सभी दलों का स्वागत करता है। यह बैठक डेढ़ घंटे चली, जिसमें 19 पार्टियों के 33 नेता शामिल हुए। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की सलाह पर 17वीं लोकसभा भंग कर दी है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रपति से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने नई सरकार बनने तक प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पद पर बने रहने का अनुरोध किया।

## एन डी ए सांसद बैठक

एनडीए के सांसदों की बैठक 7 जून को नईदिल्ली में होगी। इसी दिन सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीते भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों को आज दिल्ली बुलाया गया है। सभी 29 सांसद शाम तक दिल्ली पहुंच जाएंगे और कल दिल्ली में होने वाली एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल होंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कल से 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य आरंभ हो गए हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

ग्वालियर में जल गंगा संवर्धन" अभियान को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने 10 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की है।

सतना जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोहावल विकासखंड के ग्राम पुरैनी के प्राचीन तालाब से कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में अभियान का शुभारंभ किया।

बालाघाट में अभियान के तहत वैनगंगा नदी के तट पर नगर के सामाजिक–स्वयंसेवी,खेल संगठन, धार्मिक संगठनों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर पौधारोपण किया।

मुरैना में जिले की 478 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ कराए गए।

शिवपुरी की ग्राम पंचायत कांकर में पुराने तालाब पर बंड सफाई अभियान चलाया गया जिसमें जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा और जनपद के कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणों ने भी श्रमदान किया।

डिंडौरी जिले के समस्त जनपद पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हुआ। जिसमें जिले के सामाजिक संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अशासकीय, एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रथम दिन बढ चढकर भाग लिया।

झाबुआ जिले के पेटलावद क्षेत्र में स्थित श्रृंगेश्वर धाम मंदिर परिसर में प्रतीकात्मक रूप से वृक्षारोपण कर कलेक्टर नेहा मीना ने अभियान की शुरुआत की गई।

धार में अभियान का शुभारंभ जिले की जनपद पंचायत नालछा के चंदलाव तालाब से किया। उन्होंने मांडू में सागर तालाब के किनारे एवं ईको प्वाइंट के सामने पौधारोपण भी किया।

आगर मालवा में अभियान का शुभारम्भ ग्राम पंचायत निपनिया बैजनाथ से हुआ।

## 'महुआ महोत्सव'–भोपाल

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना की ग्यारहवीं वर्षगाँठ आज से 'महुआ महोत्सव' के रूप में मनाई जाएगी। महुआ महोत्सव में 10 जून तक शिल्प एवं व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6 बजे इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। मेले में पांच राज्यों के पारंपरिक शिल्पियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें बांस, धातु, कपड़ा, ज्वैलरी, खराद एवं अन्य शिल्प शामिल हैं। वहीं व्यंजन मेले में भी मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, उड़ीसा, मणिपुर के व्यंजन मिलेंगे। महुआ महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से मध्यप्रदेश के लोक संगीत के साथ–साथ गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा एवं मणिपुर राज्यों की विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ होंगी।

## कैमरा नवाचार–डिंडोरी

डिंडोरी जिले में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों को तुरंत पकडने के उद्देश्य से जिले में स्थित थाना, चौकियों के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों अस्पताल, बैंक, एटीएम, मंदिर, मस्जिद, निजी दुकान और मकानों में लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों की जानकारी एकत्र कर मैप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से जिले में अपराध घटित होने पर तुरंत कैमरों की सहायता से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है, साथ ही सभी प्रकार की घटनाओं के सीसीटीव्ही कैमरे में कैद होने से अपराध की वास्तविकता का पता लगाया जा सकता है। इस मैप पर जिले के लगभग 300 सीसीटीव्ही कैमरों को जोड़ा गया है।

## दीदी प्याऊ

बालाघाट जिले में आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा दीदी प्याऊ स्थापित की जा रही हैं। अब तक जिले में वे 65 दीदी प्याऊ लगा चुकी है। ये प्याऊ किसी भी हाट बाजार, सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, बस स्टैंड/स्टॉप, स्कूल परिसर या आने जाने वाले प्रचलित मार्गो पर स्थापित की जा रही हैं। मिशन के वीरेंद्र तिड़के ने बताया कि मिशन की महिलाओं

ने पिछले दिनों से लगातार पीपल बरगद की छांव में मिट्टी के मटके रखकर भी यह शुरुआत की है।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों गर्मी और हलकी बारिश की स्थिति बनी हुई है। राजधानी भोपाल सहित कई शहरों में मानसून पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो गया है। बीते 24 घंटे में शहर के अलग–अलग इलाकों में एक इंच तक बारिश हुई। इसका असर तापमान पर भी पड़ा। भोपाल में कल दिन का पारा 4 दशमलव 5 डिग्री गिरकर 36 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। रात का पारा भी 5 डिग्री तक गिर गया। इंदौर में भी कल उमस के अहसास के साथ बादल छाए रहे। तापमान में करीब डेढ़ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीँ, प्रदेश के अन्य इलाकों में गर्मी का दौर जारी है।

**क्रिकेट**

भारत ने ट्वंटी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में ऑयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाए जवाब में भारत ने 13वें ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 37 गेंद में 52 रन बनाए। भारत को अपना अगला मुकाबला नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक, शपथ, रैली, वृक्षारोपण, सेमिनार सहित अन्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन मंडल के स्टेशनों, कार्यशालाओं, कार्यालयों में किया गया।
- बैतूल जिले के सरकारी स्कूल में अध्ययनरत 56 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। यहाँ विकासखंड मुख्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग आरंभ की गई है।
- सतना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी और जिला मलेरिया अधिकारी ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- झाबुआ में बकरी पालन पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण 9 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून है।
- गुना कलेक्टर ने कल जनपद पंचायत गुना के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पीएम जनमन योजना में आयुष्मान कार्ड बनाने, समग्र ई–केवाईसी करने एवं आधार कार्ड कार्य का निरीक्षण किया।
- खण्डवा में मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तहत् क्लब फूट दिवस मनाया गया।

————————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) एन डी ए सांसद बैठक

**एनडीए के सांसदों की बैठक 7 जून को नईदिल्ली में होगी। इसी दिन सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीते भाजपा के नवनिर्वाचित सांसदों को आज दिल्ली बुलाया गया है। सभी 29 सांसद शाम तक दिल्ली पहुंच जाएंगे और कल दिल्ली में होने वाली एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल**

होंगे।

**(2) जल गंगा संवर्धन अभियान-प्रदेश**

**प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कल से 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य आरंभ हो गए हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।**

**ग्वालियर में जल गंगा संवर्धन" अभियान को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने 10 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की है।**

**सतना जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोहावल विकासखंड के ग्राम पुरैनी के प्राचीन तालाब से कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में अभियान का शुभारंभ किया।**

**बालाघाट में अभियान के तहत वैनगंगा नदी के तट पर नगर के सामाजिक-स्वयंसेवी,खेल संगठन, धार्मिक संगठनों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर पौधारोपण किया।**

**मुरैना में जिले की 478 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य प्रारंभ कराए गए।**

**शिवपुरी की ग्राम पंचायत कांकर में पुराने तालाब पर बंड सफाई अभियान चलाया गया जिसमें जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा और जनपद के कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणों ने भी श्रमदान किया।**

**डिंडौरी जिले के समस्त जनपद पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हुआ। जिसमें जिले के सामाजिक संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अशासकीय, एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रथम दिन बढ चढकर भाग लिया।**

**झाबुआ जिले के पेटलावद क्षेत्र में स्थित श्रृंगेश्वर धाम मंदिर परिसर में प्रतीकात्मक रूप से वृक्षारोपण कर कलेक्टर नेहा मीना ने**

अभियान की शुरुआत की गई।

धार में अभियान का शुभारंभ जिले की जनपद पंचायत नालछा के चंदलाव तालाब से किया। उन्होंने मांडू में सागर तालाब के किनारे एवं ईको प्वाइंट के सामने पौधारोपण भी किया।

आगर मालवा में अभियान का शुभारम्भ ग्राम पंचायत निपनिया बैजनाथ से हुआ।

**(3) 'महुआ महोत्सव'-भोपाल**

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की स्थापना की ग्यारहवीं वर्षगाँठ आज से 'महुआ महोत्सव' के रूप में मनाई जाएगी। महुआ महोत्सव में 10 जून तक शिल्प एवं व्यंजन मेला, बच्चों के लिए कठपुतली प्रदर्शन एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ संयोजित होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6 बजे इस महोत्सव का शुभारम्भ करेंगे। मेले में पांच राज्यों के पारंपरिक शिल्पियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें बांस, धातु, कपड़ा, ज्वैलरी, खराद एवं अन्य शिल्प शामिल हैं। वहीं व्यंजन मेले में भी मध्यप्रदेश के साथ ही गुजरात, उड़ीसा, मणिपुर के व्यंजन मिलेंगे। महुआ महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से मध्यप्रदेश के लोक संगीत के साथ-साथ गुजरात, तेलंगाना, उड़ीसा एवं मणिपुर राज्यों की विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियाँ होंगी।

**(4) कैमरा नवाचार-डिंडोरी**

डिंडोरी जिले में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों को तुरंत पकडने के उद्देश्य से जिले में स्थित थाना, चौकियों के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों अस्पताल, बैंक, एटीएम, मंदिर, मस्जिद, निजी दुकान और मकानों में लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरों की जानकारी एकत्र कर मैप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से जिले में अपराध घटित होने पर तुरंत कैमरों की सहायता से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है, साथ ही सभी प्रकार की घटनाओं के सीसीटीव्ही कैमरे में कैद होने से अपराध की वास्तविकता का पता लगाया जा सकता है।

**इस मैप पर जिले के लगभग 300 सीसीटीव्ही कैमरों को जोड़ा गया है।**

**(5) मौसम-प्रदेश**

**प्रदेश में इन दिनों गर्मी और हलकी बारिश की स्थिति बनी हुई है। राजधानी भोपाल सहित कई शहरों में मानसून पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो गया है। बीते 24 घंटे में शहर के अलग-अलग इलाकों में एक इंच तक बारिश हुई। इसका असर तापमान पर भी पड़ा। भोपाल में कल दिन का पारा 4 दशमलव 5 डिग्री गिरकर 36 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। रात का पारा भी 5 डिग्री तक गिर गया। इंदौर में भी कल उमस के अहसास के साथ बादल छाए रहे। तापमान में करीब डेढ़ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीँ, प्रदेश के अन्य इलाकों में गर्मी का दौर जारी है।**

----------------------